# 5 आसान स्टेप्स में अपनी फिज़िकल सिम को eSIM में बदलें या जियो eSIM को एक डिवाइस से सैमसंग डिवाइस में ट्रांसफर करें

कृपया ध्यान दें : अपनी सैमसंग डिवाइस पर eSIM को एक्टिवेट करने के लिए सभी 5 स्टेप्स को पूरा करना ज़रूरी है

कृपया किसी भी स्टेप को छोड़ें या टालें नहीं

**स्टेप1**
SMS के माध्यम से eSIM रिक्वेस्ट शुरू करें

**स्टेप2**
SMS द्वारा eSIM नंबर भेजें

**स्टेप3**
SMS के माध्यम से अपनी सहमति दें

**स्टेप4**
IVR Call पर सहमति दे

**स्टेप5**
QR कोड का उपयोग करके eSIM को कॉन्फ़िगर करें

यदि आप eSIM को मौजूदा डिवाइस से सैमसंग डिवाइस में ट्रांसफर करना चाहते हैं, तो आपके पास SMS के माध्यम से eSIM रिक्वेस्ट शुरू करने के लिए आपकी एक्टिव eSIM डिवाइस होनी चाहिए।


यदि आपके पास अपनी एक्टिव जियो eSIM डिवाइस नहीं है,
चिंता न करें, आप eSIM सेवाओं को एक्टिव करने के लिए नई सैमसंग डिवाइस के साथ किसी भी पहचान के प्रमाण के साथ निकटतम जियो स्टोर पर जा सकते हैं

eSIM प्रक्रिया शुरू करने के लिए, कृपया सुनिश्चित करें कि आपके पास


1. एक eSIM कम्पैटिबल डिवाइस है
और
2. आपकी ईमेल आईडी आपके जियो नंबर के साथ रजिस्टर्ड है

# यह जांचने के लिए कि आपकी डिवाइस eSIM के साथ कम्पैटिबल है या नहीं


1. https://www.jio.com/en-in/esim पर जाएँ




2. अपनी डिवाइस का मेक एंड मॉडल चुनें




3. कम्पेटिबिलिटी स्टेटस देखें




अब जब आप जानते हैं, आपकी डिवाइस जियो eSIM के साथ कम्पैटिबल है, तो अगले स्टेप पर चलते हैं


कृपया ध्यान दें कि यदि आपकी डिवाइस कम्पैटिबल नहीं है, तो आप फिज़िकल जियो सिम का उपयोग कर सकते हैं

# आइए देखें कि आपकी ईमेल आईडी आपके जियो नंबर के साथ रजिस्टर्ड है या नहीं


1. मायजियो ऐप खोलें





2. मेनू पर क्लिक करें





3. प्रोफाइल और सेटिंग्स पर टैप करें




4. प्रोफाइल पर टैप करें





5. ईमेल आईडी चेक करें




# यदि ईमेल आईडी रजिस्टर्ड नहीं है या गलत अपडेट की गयी है तो आप अपना सही ईमेल आईडी अपडेट कर सकते है सही ईमेल अपडेट करने के लिए


1. चेंज पर टैप करें





2. सही ईमेल आईडी दर्ज करें




3. नई ईमेल आईडी पर भेजा गया ओटीपी दर्ज करें और सबमिट करें




नई अपडेट की गयी ईमेल आईडी जांचे




चलिए अगले स्टेप पर चलते हैं

पहला स्टेप शुरू करने के लिए, आपके पास eSIM डिवाइस का EID नंबर और IMEI नंबर होना चाहिए, जिस पर आप अपनी जियो eSIM एक्टिव करना चाहते हैं।


हम आपको सुझाव देते हैं कि कृपया EID नंबर और IMEI नंबर लिख लें क्योंकि वे लंबे होते हैं और आपको इन्हे SMS के द्वारा भेजना होगा ।

# अपनी सैमसंग डिवाइस पर EID नंबर और IMEI नंबर पता करने के लिए


1. सेटिंग्स में जाएं और अबाउट फोन पर टैप करें




2. आपको IMEI (eSIM) फील्ड में 15 अंकों का नंबर मिलेगा, अब स्टेटस पर टैप करें





3. आपको EID फ़ील्ड में 32 अंकों का EID नंबर मिलेगा, कृपया IMEI (eSIM) और EID नंबर लिखें



EID और IMEI नंबर लिखने के बाद, eSIM एक्टिवेशन शुरू करते हैं

कृपया ध्यान दें, आपको अपने डिवाइस पर eSIM को एक्टिव करने के लिए सभी स्टेप्स को पूरा करना अनिवार्य होगा। कृपया कोई भी स्टेप न छोड़ें।

और सुनिश्चित करें कि इस प्रक्रिया के दौरान आपकी eSIM सैमसंग डिवाइस वाई-फाई या मोबाइल हॉटस्पॉट के ज़रिये इंटरनेट से जुडी है।





# स्टेप 1

1. अपने मोबाइल में मैसेज खोले

2. टाइप करें GETESIM <स्पेस> <32 अंको का EID> <स्पेस> <15 अंको का IMEI> और जिस जियो नंबर को आप eSIM में अपग्रेड करना चाहते हैं, उससे 199 पर SMS भेजें।

यदि आपको अपनी ईमेल आईडी अपडेट करने के लिए जवाब में SMS मिलता है, तो कृपया अपने जिओ नंबर अकाउंट में अपनी ईमेल आईडी अपडेट करें जैसा कि दिशा निर्देशों में शुरुआत में बताया गया है


19 अंकों का eSIM नंबर




- सही EID और IMEI नंबर 199 पर भेजने पर, आपको हमारी तरफ से आपके जियो नंबर पर 19 अंकों का वर्चुअल eSIM नंबर SMS के जरिये प्राप्त होंगे।

यदि आपको यह नोटिफिकेशन नहीं मिलता हैं तो चिंता न करें 19 अंको का eSIM नंबर आपके रजिस्टर्ड ईमेल पर भी भेजा जायेगा

- यदि आपको सही EID और IMEI नंबर भेजने के लिए रिवर्ट SMS या ईमेल मिलता है, तो कृपया अपने द्वारा भेजे गए EID और IMEI को फिर से जांचे और पिछले स्टेप्स के दिशा निर्देशों अनुसार SMS को फिर से भेजें।




# स्टेप 2

1. अगले स्टेप के लिए आपके जियो नंबर पर भेजे गए SMS से 19 अंकों का eSIM नंबर कॉपी कर ले

2. अपने मोबाइल में मैसेज खोले

3. टाइप करें SIMCHG <स्पेस> <19 अंकों का eSIM नंबर पेस्ट करें या दर्ज करें> और 199 पर भेजें

सही eSIM SMS भेजने पर, आपको एक कन्फर्मेशन SMS और ईमेल प्राप्त होगा


अगर आपको सही eSIM नंबर भेजने के लिए एक SMS और ईमेल मिलता है, तो कृपया eSIM नंबर को फिर से जांचे और 199 पर SMS भेजें

# Step 3


SMS 199 पर भेजे




QR कोड ईमेल ओपन करे




एक्टिवेशन कोड SMS




- अपने मोबाइल में मैसेज खोले
- 1 टाइप करें और 199 पर भेजें


- सही कंसेंट SMS भेजने पर ,आपको आपके मोबाइल पर कन्फर्मेशन SMS के साथ QR कोड और एक्टिवेशन कोड eMail और SMS द्वारा प्राप्त होगा

- कृपया QR कोड या एक्टिवेशन कोड SMS डिलीट ना करे, यह आपके मोबाइल पर eSIM कन्वर्ट करने के लिए अनिवार्य है जिसका उपयोग आपको अंतिम चरणों में करना होगा

अगर आप किसी भी कारण से अपना eSIM रिक्वेस्ट रद्द करना चाहते हैं तो

2 टाइप करें और 199 पर भेजें

# स्टेप 4




1. आपकी सहमति भेजने के 10 मिनट के अंदर, आपको अपने जियो नंबर पर +912235072222 से एक IVR कॉल प्राप्त होगी जिसमें आपके eSIM अनुरोध को प्रोसेस करने के लिए आपकी सहमति के बारे में पूछा जायेगा, आपकी सहमति देने के लिए कृपया IVR पर 1 दर्ज करे।

2. IVR पर आपकी सहमति सफलतापूर्वक देने के बाद, आपको एक कन्फर्मेशन SMS और ईमेल भेजा जाएगा।


यदि आपने IVR कॉल मिस कर दिया है या आपकी सहमति देने से पहले कॉल डिस्कनेक्ट कर दिया हो, तो चिंता न करें, आप SMS के द्वारा अपने जिओ नंबर से IVR कॉल के लिए रिक्वेस्ट कर सकते है

टाइप RECALL और 199 पर अपने जिओ नंबर से SMS भेजे

यदि आपको कंसेंट SMS भेजने के 10 मिनट के अंदर IVR कॉल नहीं मिलती, तो हमारा सुझाव है कि आप अपनी मिस्ड कॉल सूची की जांच करें क्योंकि ऐसा हो सकता है की आपने कॉल का जवाब यह सोचकर ना दिया हो कि यह एक स्पेम कॉल है । कृपया जांचें की आपने कोई फोन डायलर या किसी थर्ड पार्टी ऐप्स के माध्यम से आपने कॉल ब्लॉकिंग चालू नहीं किया हो ।

IVR कॉल पर सहमति देने के बाद, आपके eSIM अनुरोध को प्रोसेस करने में २ घंटे का समय लगता है, तब तक आपको प्रतीक्षा करनी होगी

कृपया ध्यान दे की इस समय अंतराल में आप अपने Jio नंबर की सभी सेवाओं को अपने मौजूदा सिम पर उपयोग कर पायेंगे




जैसे ही आपको यह SMS मिलेगा, आपकी मौजूदा सिम काम करना बंद कर देगी और आपका फोन 'नो नेटवर्क' दिखाएगा।

अब आप अपनी  नए eSIM को एक्टिव करने से केवल एक कदम दूर हैं।


कृपया सुनिश्चित करें कि इस प्रक्रिया के दौरान आपकी सैमसंग डिवाइस वाई-फाई या मोबाइल हॉटस्पॉट द्वारा इंटरनेट से जुडी है।

एक्टिवेशन प्रक्रिया को पूरा करने के लिए, आपको एक्टिवेशन कोड का उपयोग करके अपनी सैमसंग डिवाइस पर eSIM प्रोफ़ाइल को कॉन्फ़िगर करना होगा।


# स्टेप 5 - ऑप्शन 1 (QR कोड द्वारा)

## eSIM प्रोफाइल को कॉन्फ़िगर करने के लिए


सेटिंग्स में जाएं और कनेक्शन चुनें





सिम कार्ड मैनेजर पर टैप करें




ऐड मोबाइल प्लान पर टैप करें





स्कैन कैरियर QR कोड चुनें





यहां दिखाए गए चित्र केवल उदहारण के उद्देश्यों के लिए हैं और डिवाइस ऑपरेटिंग सॉफ़्टवेयर के अपडेट के साथ बदल सकते हैं


आपका रजिस्टर्ड ईमेल का इनबॉक्स चेक करे





Notification@Jio.com से प्राप्त ईमेल के अटैचमेंट को खोले





QR कोड को अपने मोबाइल डिवाइस से स्कैन करे




जब तक प्लान ऐड हो रहा है तब तक प्रतीक्षा करें, इसमें कुछ क्षण लगेंगे




The images shown here are for illustrative purposes only and may change with updates to the device operating software





प्लान के जुड़ जाने के बाद,
जियो eSIM सफलतापूर्वक एक्टिवेट हो जाने के बाद सिम कार्ड मैनेजर के अंदर दिखाई देगा।

eSIM प्रोफाइल एक्टिवेशन संबंधित किसी भी सहायता के लिए, कृपया हमें किसी भी जियो नंबर से 199 पर कॉल करें या नॉन जियो नंबर से 18008899999 पर कॉल करें।

# स्टेप 5 - ऑप्शन 2 (एक्टिवेशन कोड द्वारा)

यदि आप किसी कारण से QR कोड स्कैन नहीं कर पा रहे तो नीचे बताये हुए स्टेप्स करे -

"एंटर कोड इंस्टेड" पर टैप करें





जैसा कि नीचे दिखाया गया है, SMS से प्राप्त हुआ एक्टिवेशन कोड दर्ज करें और कनेक्ट पर टैप करें





कृपया प्रतीक्षा करें जब तक डिवाइस प्लान कॉन्फ़िगरेशन प्रोसेस में है




जब तक प्लान ऐड हो रहा है तब तक प्रतीक्षा करें, इसमें कुछ क्षण लगेंगे





यहां दिखाए गए चित्र केवल उदहारण के उद्देश्यों के लिए हैं और डिवाइस ऑपरेटिंग सॉफ़्टवेयर के अपडेट के साथ बदल सकते हैं




प्लान के जुड़ जाने के बाद,
जियो eSIM सफलतापूर्वक एक्टिवेट हो जाने के बाद सिम कार्ड मैनेजर के अंदर दिखाई देगा।

eSIM प्रोफाइल एक्टिवेशन संबंधित किसी भी सहायता के लिए, कृपया हमें किसी भी जियो नंबर से 199 पर कॉल करें या नॉन जियो नंबर से 18008899999 पर कॉल करें।





कृपया ध्यान दें कि यदि आपके पास SIM1 और SIM2 दोनों स्लॉट में सिम कार्ड डाले गए हैं, तो eSIM को सक्षम करने के लिए SIM2 को बंद कर दिया जाएगा।

जियो eSIM चालू करने के लिए

अपनी सैमसंग डिवाइस पर eSIM को सक्षम करने के लिए OK पर टैप करें

**कृपया ध्यान दें:**

**रेग्युलेटरी गाइडलाइन्स के अनुसार eSIM अपग्रेड के बाद 24 घंटे तक आपके जियो नंबर पर SMS सेवायें उपलब्ध नहीं होंगी**




# महत्वपूर्ण जानकारी

कृपया सुनिश्चित करें कि आप कभी भी “Remove" विकल्प को ना चुनें क्योंकि यह आपकी डिवाइस से eSIM प्रोफ़ाइल को हमेशा के लिए हटा देगा और जियो eSIM की सभी सेवाएं काम करना बंद कर देंगी।

यदि आपने अनजाने में eSIM प्रोफाइल Remove कर दिया है तो कृपया एक नई eSIM रिक्वेस्ट के लिए अपनी सैमसंग डिवाइस और अपने पहचान के प्रमाण के साथ निकटतम जियो स्टोर पर जाएँ।
हमें खेद है, इस स्थिति में SMS प्रक्रिया का उपयोग करके नए eSIM को एक्टिवेशन करना संभव नहीं होगा।

# धन्यवाद!